Setting Up of National Institute of Siddha

532. SHRI V. HANUMANTHA RAO:
SHRI G. PRATHAPA REDDY:
SHRI SANJAY DALMIA:
DR. BAPU KALDATE:
SHRI T. VENKATRAM REDDY:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up National Institute of Siddha;

(b) if so, the present stage of the proposal; and

(c) the time by which it is likely to be set up?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) to (c) The Government of India had received a proposal from the State Government of Tamil Nadu for setting up of a National Institute of Siddha. They have been requested to provide certain clarifications on the proposal submitted by them. A decision could be taken only after examining the feasibility of the proposal.

जम्मू-कश्मीर के विस्थापित परिवार

533. **श्री दिग्विजय सिंह:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की स्थिति के अनुसार जम्मू-कश्मीर घाटी से पलायन कर चुके विस्थापित व्यक्तियों की संख्या कितनी है और ये सभी व्यक्ति इस समय कहां-कहां और किन-किन परिस्थितियों में रह रहे हैं; और

(ख) घाटी से पलायन कर गये लोगों/विस्थापित व्यक्तियों को उनके मूल निवास पर भेजने के लिये सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है और सरकार की कार्यवाही के अब तक क्या परिणाम रहे हैं?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी): (क) उन कश्मीरी प्रवासी परिवारों की संख्या जिन्होंने स्वयं को देश के विभिन्न भागों में दर्ज किया है, विवरण में दी गयी है (नीचे देखिए)। ये प्रवासी या तो स्वयं की गई व्यवस्था या राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा स्थापित शिविरों में रह रहे हैं। जरूरतमंद प्रवासियों को, चाहे वे शिविरों में या अन्यथा रह रहे हो, संबंधित राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा सभी संभव भरण-पोषण सहायता दी जा रही है ताकि उनकी कठिनाईयों को कम से कम किया जा सके।

(ख) इन प्रवासियों के अपने मूल स्थानों को लौटने के लिए अनुकूल माहौल उत्पन्न करने के लिए उग्रवाद के विरूद्ध ठोस अभियान चलाने और विश्वास जागृत करने हेतु विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। इस संबंध में केन्द्र सरकार, जम्मू और कश्मीर सरकार और प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार सम्पर्क बनाए हुए हैं। हालांकि इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक कुछ-एक प्रवासी ही लौटे हैं।

विवरण

विभिन्न राज्यों में रह रहे जम्मू और कश्मीर के परिवारों को दर्शाने वाला विवरण

क्रम सं॰	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	परिवारों की संख्या
1.	जम्मू	26,933
2.	दिल्ली	19,338
3.	हिमाचल प्रदेश	115
4.	हरियाणा	523
5.	चंड़ीगढ़	206
6.	पंजाब	100
7.	उत्तर प्रदेश	500
8.	मध्य प्रदेश	40
9.	कर्नाटक	60
10.	गोवा	140
11.	केरल	5
12.	महाराष्ट्र	124
13.	राजस्थान	47
		48,131